**खबर संक्षेप**



### ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा, आधा दर्शन लोग घायल

**सतना।** मझगंवा थाना अंतर्गत चितेरा मोड़ के पास गुरुवार को तेज रफ्तार रखना एक ऑटो को टक्कर मार दी जिसके कारण ऑटो पलट गया इस घटना में लगभग आधा दर्शन लोग घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार ट्रक की चालक में लापरवाही से वाहन चलाते हुए ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण ऑटो पलट गया। इस घटना में दो लोगों को ज्यादा छोटे आई हैं। घायलों को नजदीक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया और उसके बाद सभी को सतना रेफर कर दिया गया। ऑटो में सवार सभी लोग बहन के ससुराल जा रहे थे। घायलों के नाम राम सुपाल मावशी उम्र 22 वर्ष, रामचंद्र मावशी उम्र 10 वर्ष और कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं।

### राजस्व या अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों की हुई सुनवाई

सतना। मैहर कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी श्रीमती रानी बाटड के आदेशानुसार गुरूवार को ग्राम पंचायत पकरिया में राजस्व एवं अन्य विभागो से संबंधित शिकायतो का निराकरण करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,एसडीएम विकास सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,नायब तहसीलदार सुनील दिवेदी,जनपद पंचायत मैहर के अधिकारी-कर्मचारी सहित सीएफटी टीम, सरपंच, सचिव, सहायक सचिव तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 61 राजस्व,4 पंचायत,1 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,2 विद्युत विभाग और 2 पुलिस विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई। सभी आवेदकों की सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिए गए। आवेदक अर्पण श्रीवास्तव पिता रमाकांत श्रीवास्तव निवासी पकरिया ने बताया कि आराजी क्रमांक 642 है तथा मेरे द्वारा किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन किया था। लेकिन अभी तक किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिला है।

#### आठ दुकानदारों से वसूल की गई जुर्माने की रकम

## तंबाकू, सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई







**सतना।** तंबाकू और सिगरेट का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने जिला प्रशासन के अधिकारियों की नींद अब टूट गई है। कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 वाक्य तहत अधिकारियों ने गुरुवार को आठ दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की और 6000 की चालानी कार्रवाई करते हुए राशि वसूल की। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में गठित की गयी तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति के द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार शासकीय व्यंकट स्कूल से धवारी चौराहा एवं कलेक्ट्रेट परिसर में नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप गौतम,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक गौड़,अशोक कुर्मी, थाना सिटी कोतवाली से अजीत सिह राहुल सिह मनीष,विक्रम प्रजापति की उपस्थिति में कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल.के.तिवारी ने बताया कि 18 जुलाई को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 एवं 6 के उल्लंघनकर्ताओं पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ.प्रदीप गौतम द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। डॉ.एल.के. तिवारी ने बताया कि नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण द्वारा सतना शहर में शासकीय वेंकट स्कूल के तीन सौ फ़िट (सौ गज) की दूरी के भीतर तम्बाकू सिगरेट गुटका आदि का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 ब का उल्लंघन करने पर कुल आठ दुकानदारों पर कुल 600 की चालानी कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई के दौरान समझाइए भी दी

तंबाकू एवं तंबाकू के विभिन्न उत्पाद जैसे गुटका,पाउच,बीड़ी,सिगरेट,खैनी,नस मंजन आदि के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जन समुदाय को जानकारी देकर इनका सेवन धीरे-धीरे छोड़ने हेतु समझाइश दी गई। उल्लंघन कर्ताओं को परामर्श देते हुए तंबाकू उत्पाद विद्यालय से तीन सौ फ़िट की दूरी तक एवं अठारह वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पाद के क्रय विक्रय नहि करने की समझाईस दी गयी। एवं तम्बाकू उत्पाद का उपयोग छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। तम्बाकू से संबंधित सामग्रियों के सेवन पर होने वाले खर्च के स्थान पर फल एवं पौष्टिक वस्तुओं के सेवन की समझाइश दी जाकर इनके फायदे भी समझाये गये।

### 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बेच रहे थे उत्पाद

कार्यवाही के दौरान अठारह वर्ष से कम उम्र की बच्ची द्वारा भी तम्बाकू उत्पाद बेचना पाया गया ,इसे समझाईस देते हुए अर्थदंड अधिरोपित किया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सतना के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप गौतम ने बताया कि सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 धारा 6 अ एवं ब के अंतर्गत आगामी समय में विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त करने के लिए शिक्षा विभाग के सहयोग से कार्यवाही जारी रहेगी। धारा 6 अंतर्गत विद्यालय से 300 फ़िट की दूरी तक तम्बाकू उत्पादों का उपयोग क्रय विक्रय प्रतिबंधित है और उल्लंघनकर्ताओं पर कार्यवाही एवं जुर्माना इसी तरह अधिरोपित किया जावेगा।
इस प्रकार की कार्यवाही ज़िले में निरंतर की जावेगी।

### कार्यवाही या रस्म अदायगी ?

स्कूल के आसपास हो या फिर कलेक्ट्रेट परिसर हो,हर जगह तंबाकू,बीड़ी,सिगरेट खुले आम बिक रही है। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि एकाएक यह एक विशेष दिन को कार्यवाही करना प्रशासन की कार्यवाही ही संदेह के दायरे में आती है। इसे यह समझ जा रहा है कि यह कार्रवाई महज एक रशम अदायगी ही है।

## सरकारी अस्पताल में युवक की मौत के बाद हंगामा, परिजनों का डॉक्टर पर गंभीरता नहीं बरतने का आरोप





**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में बीती रात एक युवक की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर समय पर इलाज उपलब्ध नहीं करने का गंभीर आरोप भी लगाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन एवं पुलिस के अफसरों को देर रात मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया।मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात गंभीर हालत में लाए गए मिथलेश ताम्रकार (45) निवासी आदर्श नगर की मौत होने पर हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों ने स्टाफ पर लापरवाही और बाहर से 2400 की दवा मंगाने का आरोप लगाते हुए विवाद किया। हंगामें की खबर मिलते ही सीएसपी महेंद्र सिंह और टीआई कोतवाली शंखधर द्विवेदी अस्पताल पहुंचे और समझाइश देकर आश्वस्त किया कि लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस जांच करेगी और दोषी पर एक्शन भी लेगी। मिथलेश ताम्रकार ने रात में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे रात करीब साढ़े 10 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे। स्टाफ नर्स से एक महिला डॉक्टर का नंबर मिला,लेकिन डॉक्टर ने गाड़ी न होने का हवाला देते हुए फोन कट कर दिया। बाद में सिविल सर्जन से संपर्क किया गया,लेकिन जब तक डॉक्टर आए मिथलेश की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने इलाज के नाम पर 2400 रुपए की दवा भी बाहर से मंगवा ली।

### पार्षद पति पर मारपीट का आरोप

सिविल हॉस्पिटल मैहर में भी बुधवार को माहौल हंगामाई हो गया। यहां पार्षद पति पर कर्मचारी से मारपीट का आरोप लगा। रात में कुछ साथियों के साथ नशे में धुत्त होकर अस्पताल पहुंचे वार्ड-20 की पार्षद के पति जेपी वर्मा ने ओपीडी पर्ची काटने वाले कर्मचारी राकेश कोरी की पिटाई कर दी। बात बिगड़ी तो स्टाफ ने हड़ताल की चेतावनी दे दी। खबर मिली तो एडीएम शैलेन्द्र सिंह,तहसीलदार और टीआई अनिमेष द्विवेदी ने अस्पताल पहुंच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## शादी से इनकार करने पर प्रेमिका ने मौत को गले लगाया, प्रेमी गिरफ्तार



**सतना।** पहले प्रेम हुआ, फिर प्रेम प्रवण चढ़ा। एक दूसरे से मिलने लगे और शादी का वादा किया। लेकिन वक्त बदलता गया और परिस्थितियों भी बदलती गई। एक साथ जीने मरने की कसम भी खाई,लेकिन एक दिन एक अचानक युवक ने प्रेमिका से शादी करने से इनकार कर दिया। इसी बात से दुखी होकर प्रेमिका ने मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने प्रेमी को मौत के लिए उकसाने पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया। मामला कोटर थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुमारी प्रान्सू आदिवासी पिता बालेन्द्र आदिवासी उम्र 18 वर्ष निवासी कोटर नई बस्ती अपने घर मे फांसी लगा ली। जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर चौकी जिला चिकित्सालय में मर्ग पंजीबद्ध कर पंचायतनामा कार्यवाही की गई। मृतिका का पीएम कराया गया। थाना कोटर में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया जांच के दौरान मृतका के परिजन साक्षियो के कथन लिए गए तथा घटनास्थल के निरीक्षण कर मृतिका के सुसाइट नोट जप्त किया गया। जो जांच से पाया गया कि मृतिका प्रान्सू आदिवासी अपने गांव के लालू आदिवासी पिता मनसुखलाल आदिवासी के साथ प्रेम करती थी। दोनों एक दूसरे से मिलते जुलते थे। शादी करने का वादा किये थे। किंतु लालू आदिवासी शादी करने से इंकार कर दिया। जिस कारण प्रान्सू आदिवासी अपनी बेइज्जती होने एवं आत्मग्लानि वश अपने घर में फांसी लगा ली थी। सुसाईड नोट में लालू आदिवासी द्वारा रेप करने कि बात लिखी है। जो लालू आदिवासी का यह कृत्य धारा 64(1),108 बी.एन.एस. के तहत दंडनीय अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया जाकर आऱोपी लालू आदिवासी की पता तलाश की गयी।आरोपी लालू आदिवासी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसके जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को न्यायालय के समक्ष के पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा केन्द्रीय जेल सतना भेजा दिया गया है।

## नीट और नर्सिंग परीक्षा में धांधली के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




**सतना।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयस्तंभ चौक स्थित पार्टी कार्यालय से युकां प्रदेश अध्यक्ष नितेन्द्र दर्शन सिंह के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालकर नीट एवं नर्सिंग परीक्षा में धांधली के विरोध में प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर जमकर नारेबाजी की। युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नितेन्द्र दर्शन सिंह 22 जुलाई को रीवा आ रहे युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीवी श्रीवास के कार्यक्रम की तैयारी के सिलसिले में सतना आये हैं।उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुये कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। श्री सिंह ने कांग्रेस कार्यालय में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के उपरांत नीट एवं नर्सिंग परीक्षा में धांधली के विरोध में जिला युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन की अगुवाई की। उक्त प्रदर्शन में युवक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रदेश सचिव विक्रांत त्रिपाठी,जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू,रैगांव विधान सभाध्यक्ष शिवम सिंह,अंकित गुप्ता,स्वतंत्र मिश्रा,राजू पयासी,अरुण पाण्डेय,देवर्षि पाण्डेय सहित अनेक युवक प्रदर्शन में शामिल रहे।

## आंख मिचौली खेल रहे बादल, बारिश नहीं होने से परेशान है लोग



**सतना।** जून के महीने में बदल झूम के बरसे। उसके बाद जुलाई में भी बादलों ने अच्छी बारिश की, लेकिन एकाएक बारिश में ब्रेक लग गया। बादल आंख मिचोली खेल रहे हैं। उमसभरी गर्मी लोगों का जीना मुहाल कर रही है। पिछले कई दिनों से आसमान पर आवाजाही करते रहने के बावजूद लोगों को अब भी बारिश का इंतजार ही करना पड़ रहा है। बारिश का दौर थमा हुआ है और कड़ी धूप तथा उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। हालत यह है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार सतना जिले में आंकड़ों में भी बारिश पिछड़ गई है। नतीजतन किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें गहराने लगी हैं। बारिश मैहर में भी नहीं हो रही लेकिन मैहर में गत वर्ष की अपेक्षा बारिश के आंकड़े बेहतर हैं। अधीक्षक भू अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस वर्ष 1 जून से अब तक मौजूदा वर्षा काल मे 173 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि पिछले वर्ष इस अवधि में 206.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। सर्वाधिक वर्षा जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 338.9 मि.मी हुई है जबकि सबसे कम 69.7 मिमी वर्षा नागौद तहसील के जसो क्षेत्र में हुई है। इसके अलावा सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 152.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 169 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82 मि.मी., नागौद में 180.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 263 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है।

### मैहर के अमरपाटन में सर्वाधिक बारिश

मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से अब तक 274.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 151.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर ने बताया कि सर्वाधिक 318 मिमी बारिश अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में हुई है। जिला मुख्यालय मैहर में 216.1 मिमी व रामनगर में 289.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मिमी है।

## जमीन के विवाद की शिकायत पर भी सुनवाई नहीं होने पर दिव्यांग युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा



**समझाइश देने के बाद युवक नीचे उतरा**

**सतना।** सोनौरा में एक दिव्यांग रास्ते का मसला नहीं सुलझने से इस कदर खफा हुआ कि मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। काफी देर तक वह ऊपर ही बैठा रहा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर उसे नीचे उतारा। सोनौरा निवासी सुनील कुशवाहा गुरुवार सुबह मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। लोगों की सूचना पर कोलगवां थाना का एफआरवी स्टाफ मौके पर पहुंचा और बातचीत कर उसे नीचे उतारा। दिव्यांग ने पुलिस को बताया कि उसके आवागमन के रास्ते का मसला नहीं सुलझा है,जबकि वह पहले भी शिकायत कर चुका है। परेशान होकर टावर पर चढ़ा। उसने पुलिस को बताया कि उतैली में रहने वाली नीतू सिंह ने उसके घर के पास चंद्रभान कुशवाहा को जमीन बेच दी है,जिसके कारण आवागमन का रास्ता नहीं बचा है। बोलने पर विवाद की स्थिति निर्मित की जाती है। पुलिस ने बताया कि सुनील दिव्यांग है और ढाबा में नौकरी करता है। उसने पहले भी शिकायत की थी,जिसकी जांच भी की जा रही है। चंद्रभान को बुलाकर भी इस मामले में पूछताछ की गई है। उसका कहना है कि 7 फीट का रास्ता है,जिससे दोनों का आवागमन होता है,लेकिन सुनील को शायद इससे संतुष्टि नहीं है।

## अस्पताल में पर्ची काटने और खुल्ला पैसे न देने पर विवाद

### प्रशासन के द्वारा दी गई समझाइश के बाद कर्मचारी लौटे काम पर



**मैहर।** बीती रात सिविल अस्पताल में आए लोगों के द्वारा प्राणघाती हमले में अस्पताल कर्मचारी सतीश कोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल स्टॉफ के बीच वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि कर्मचारियों ने काम बंद दिया। इस घटना के प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा सिविल अस्पताल पहुंच कर मामले को निपटाया गया तब कहीं जाकर अस्पताल का कामकाज शुरू हुआ। इस संबंध में बताया जा रहा है कि सिविल अस्पताल मैहर में जहां मैहर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद पति जेपी बर्मा अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे और ओपीडी में पर्ची काटने और खुल्ले पैसे न देने को लेकर पार्षद पति ने सतीश कोरी को भला बुरा कहा गया। इस घटना की जानकारी जेपी वर्मा के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष पति संतोष सोनी से फोन दी और और उन्हें अस्पताल बुलाया। जैसे ही संतोष सोनी अस्पताल पहुंचे तो जेपी वर्मा और उसके साथियों ने कर्मचारी सतीश कोरी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में सतीश कोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद नपा पति सतीश सोनी ने उल्टा सतीश कोरी पर एफआईआर न करने का दबाव बनाने लगे जिसके बाद अस्पताल के पूरे कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए और एक साथ काम बंद कर हड़ताल कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया ओर अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि इस घटना के जानकारी लगते ही जिला प्रशासन के अधिकारी अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सीएसपी राजीव पाठक और थाना प्रभारी अनिमेष दिवेदी पहुंचे और अस्पताल के कर्मचारियों को समझाइश दी है और उक्त अपराधिक कृत्य करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया तब की अस्पताल कर्मचारी काम पर लौटे।

## खबर संक्षेप

### चारा उत्पादन हेतु निः शुल्क मक्का बीज वितरण



**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरैना में 16 जुलाई 2024 जे.के. सीमेंट वर्क्स द्वारा सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के तहत ग्राम पुरैना में पशुपालकों को चारा उत्पादन हेतु निः शुल्क मक्का बीज वितरण का आयोजन किया गया। जे.के. सीमेंट वर्क्स से श्रीमान राहुल जी एवं राकेश चौरसिया जी के मार्गदर्शन में चल रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत उपस्थित पशुपालकों एवं किसान जनों को मक्का बीज वितरण किया एवं जे.के.ट्रस्ट से उपस्थित राज्य परियोजना प्रबंधक श्रीमान प्रदीप वर्मा जी ने मक्के के हरे चारा खिलाने पर पशुओं से होने वाले कई लाभ पशुपालकों को बताएं एवं पशुओं में बीमारी के संबंध में परामर्श करने हेतु उपस्थित जे.के.ट्रस्ट के वेटरनरी डॉक्टर डॉ. सीताराम जाटव जी का पशुपालकों से परिचय कराया।

### एक पेड़ मां के नाम



**देवेन्द्रनगर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया गया इस अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत फुलवारी के परिसर में एवं आंगनबाड़ी भवन के सामने 50 पौधों का रोपण संपन्न हुआ पर्यावरण बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम शुरुआत की गई मध्य प्रदेश शासन द्वारा 1 दिन में लाखों पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया था वायुदूत अंकुर ऐप पर पौधों को अपलोड किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच श्रीमती कीर्ति बागरी पी सी ओ श्री मान नीरज श्रीवास्तव जी एम एल विश्वकर्मा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कार्यक्रम समनवक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा रामराज बागरी रोजगार सहायक लवकुश विश्वकर्मा कतिया आदिवासी अतुल बागरी भगवान दास ढीमर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### आयोजित हुआ कार्यक्रम



**पन्ना।** नगर पालिका क्षेत्र पन्ना के वार्ड क्रमांक 27 श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम लगाये गये। जानकारी देते हुए पटवारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 21 वृक्ष रोपे गए। जिसमें पीपल नाम आम के पौधे बहुत मात्रा में लगाए गए हैं। जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी लोगों द्वारा ली गई है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिक्षक सुनील खरे, अजयकांत खरे, सतीशचंद्र अवस्थी, सुखनंदन प्रसाद ओमरे, सहित नगर के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है।

### आकाशीय बिजली का कहर- किसान समेत 5 बकरियों की मौत



**पन्ना।** इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। इसी को लेकर पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम राजापुर में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान और पांच बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में मातम का माहौल है। इधर डबरा में भी आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। बताया जा रहा है कि गुरुवार 18 जुलाई को दोपहर के समय अचानक तेज गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान राजापुर के सल्हाई में खेत में काम कर रहे 40 वर्षीय किसान रामनारायण पिता श्रीपाल पर आकाशीय बिजली गिरी और वह मौके पर ही बेहोश हो गए। जब परिजनों और ग्राम वासियों को सूचना मिली तो उनको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। साथ ही दो किसान अस्पताल में भर्ती व पांच बकरियों की मौत हो गई है।

## फूड प्वाईजन के चलते कल्दा के पास गुरजी गांव में उल्टी दस्त के शिकार ग्रामीण

# 35 लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया

**कल्दा अस्पताल से जिला अस्पताल एम्बूलेंसों के माध्यम से बच्चों व बुजुर्गों को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया विधायक पवई के प्रयासों से**







जिले के सुदूर ग्राम कल्दा के पास गुरजी से बारात मैहर के कुदरा ग्राम गई थी। जहां बारात में लोगों ने जो भी भोजन किया यह तो वही जाने पर भोजन के बाद जो लोग पीडित हुए जिन्हें उल्टी-दस्त के चलते कल्दा से एम्बूलेंसों के माध्यम से जिला अस्पताल पन्ना में उपचार के लिए पवई विधायक प्रहलाद लोधी के प्रयासों से भेजा गया।

**पन्ना।**

वहीं कल्दा में जो एम्बूलेंस डॉ. अमित खरे समाजसेवी के द्वारा दी गई थी वह मौके पर कहीं नहीं काम आई। और न ही कल्दा में एम्बूलेंस रहती है वह तो विधायक पवई ने रैपुरा, सलेहा तथा पवई से एम्बूलेंसों की व्यवस्था कराई विगत दिवस रात्रि से लेकर अभी तक मरीजों को जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुचाया गया।

स्वास्थ्य व्यवस्था जिले में हालात को लेकर गौर करने के लिए स्वयं ही हालात को बयां कर रही है। जहां प्राथमिक अस्पताल कल्दा के गुरजी ग्राम के लोगों को डायरिया फ्रूड प्वाईजन के वजह से चर्चा में बताया जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि गुरजी से बारात मैहर के कुदरा ग्राम गई हुई थी जहां लोगों ने जो भी भोजन किया यह तो वही जाने पर इस गांव के लगभगत 35 लोग बच्चों व बुजुर्गों सहित गुरजी ग्राम से एम्बूलेस के माध्यम से जिला अस्पताल पन्ना इलाज के लिए भेजा गया है। जनपद उपाध्यक्ष पवई जो कल्दा के निवासी है सुखदेव सिंह जिनसे हालात को जाना गया आखिर एम्बूलेंसों की व्यवस्था कैसे हुई तो आपने बताया कि पवई विधायक प्रहलाद लोधी को हालात से अवगत कराया गया तभी उन्होंने रैपुरा, सलेहा, पवई से एम्बूलेंसों की व्यवस्था कराई वहीं यह भी जाना गया जो कुछ समय पूर्व डॉ. अमित खरे समाजसेवी जो पवई विधानसभा से चुनाव को लेकर कभी भाजपा से तो कभी सपा से टिकिट की मांग कर रहे थे उसी समय एम्बूलेंस कल्दा वासियों को उपचार के लिए कल्दा अस्पताल में प्रदान करने की बात कही गई थी आज जब उस एम्बूलेंस की जरूरत पड़ी तो वह एम्बूलेंस कहीं काम नहीं आई और न ही एम्बूलेंस कल्दा में रहती ऐसा बताया गया। सच्चाई तो यहीं है कि पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी ने अपनी जनता के दुख के समय एम्बूलेसों की व्यवस्था कराई जिससे लोगों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाने का कार्य किया गया। वहीं एक सवाल और खड़ा हो रहा है कि प्राथमिक अस्पताल कल्दा जहां चिकित्सक की पदस्थापना भी बताई जा रही थी आखिर इन पीड़ति लोगों का उपचार कल्दा में नहीं हो सका या कि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अपने आप में सवाल है। वहीं सलेहा प्राथमिक अस्पताल भी कल्दा के बाद नजदीकी अस्पताल जाना जाता है आखिर सभी पीडितों को जिला अस्पताल एम्बूलेंसों से क्यों भेजा गया। यह भी कहीं न कहीं स्वास्थ्य के इलाज को लेकर माकूल व्यवस्था के तहत हो सकता है। इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाईल रिसीब नहीं हुआ। वहीं जिला अस्पताल के सीएमएचओ डॉ. विद्यासागर उपाध्याय से बात की गई जिन्हों ने मरीजों को जिला अस्पताल इलाज के लिए लाये जाने की पुष्टि जरूर की वहीं उपचार के दौरान हालात के बारे में जाना गया तो आपका कहना था कि इस समय मैं बाहर हूं साथ ही बच्चा बार्ड में भर्ती बच्चों के चिकित्सक डॉ. पीके गुप्ता से भी मोबाईल पर जानने की कोशिश की गई जिनसे बात नहीं हो पाई। गौरतलब बात यह भी है कि कल्दा प्राथमिक अस्पताल में जिस चिकित्सक की पदस्थापना बीसों वर्ष बाद की गई थी उन्हें पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। तभी तो कल्दा अस्पताल में आज इलाज नहीं हो सका वहीं जिला अस्पताल लोगों को उपचार के लिए लाना पड़ा। इस दौरान अगर कोई हादसा घटित हो जाता तो इसका जिम्मेदार कौन है वहीं हालात स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कल्दा अस्पताल जो जिला मुख्यालय से सुदूर क्षेत्र माना जाता है जहां स्वास्थ्य की व्यवस्था के नाम पर मात्र बिल्डिंग भर क्यों? आखिरकार कब आदिवासी क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा कल्दा अस्पताल में मिल सकेगी यह जिम्मेदार ही जाने।

## अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस का सफल



**पन्ना।**

स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस.पी.एस. परमार के नेतृत्व में छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में 16 जुलाई से प्रारंभ अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने पूरे सत्र के रूपरेखा के बारे में बताया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम के पहले सत्र में जिला नोडल अधिकारी श्री सिद्धू सिंह जी ने औपचारिक पहनावा पर अपने व्याख्यान दिए। श्री सिंह जी ने विद्यार्थियों को अपने वास्तविक जीवन के हर पहलू में हमारे लिबास का तौर तरीका बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की अतिथि व्याख्याता श्रीमती पूजा खरे ने विद्यार्थियों को सीवी बनाने के प्रत्येक सोपानों को बताया। तृतीय सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी ने संप्रेषण कौशल के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। और विद्यार्थियों को संप्रेषण कौशल का जीवन में महत्व पर प्रायोगिक कार्य करने के लिए दिया। विद्यार्थियों से जब प्रशिक्षण के बारे में पूछ गया तो बताया कि यह प्रशिक्षण हम सभी के लिए बहुत ही लाभदायक है। और ट्रेनिंग से ये पता चल रहा है कि हमारे अंदर कमियां कौन सी है और इनको कैसे दूर कर सकते है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. विनय श्रीवास्तव , डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. पुष्पराज सिंह, डॉ. पियूषा शर्मा , डॉ. शिव गोपाल सिंह व अन्य प्राध्यापक साथी के साथ प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बरकोला सरपंच ने किया पौधरोपण

**पंचायत मित्र सहित ग्रामीणों ने लगाये एक पेड़ मां के नाम**

**पन्ना।**



अजयगढ जनपद के ग्राम पंचायत बरकोला सरपंच अवधकिशोर यादव ने अपने ग्राम पंचायत की पडतभूमि पर पोधारोण किया। सभी ग्रामीणो से आग्रह किया हे की एक पौधा मां के नाम लगाये एवं उसकी देख रेख की जिम्मेदारी ले। आज आंवला, नीबू, करौदा, जामुन, आम कटहल अमरूद सहित 25 पोधो का रोपण किया। पौधो का रोपण सहायक सचिव रामदेव तिवारी, शिक्षक बीरेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश प्राजापति, काशी प्रसाद लोध, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजू प्रजापति, रसरोईया विटटी वाई पाल, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति सदस्य कैलासिया प्रजापति, राम स्वासहायकता समूह से राजावाई रजक राजरानी, लवली कुशमा, भूरी, वसन्ती, सम्पत बाई पंचायत मित्र आरती सिंह, बाबूलाल रजक ने एक पौधा मां के नाम लगाश एवं उसका लालन पालन करने की जिम्मेदारी। एक पेड़ मां के नाम शहपुरा पंचायत के सरपंच ,सचिव एवं जलमित्र ने भी लगाया। सरपंच ने कहा की पौधारोपण एक कार्य है लेकिन हम इसके सुरक्षा के पूरे इंतजाम मिलकर करेगे। पौधा रोपण एवं सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है जाली लगाकर सुरक्षा एवं पानी देना भी हमारा काम है। सरपंच ने समर्थन के सहयोगी फरीदा एवं जलमित्रो के सहयोग की सराहना की कहा की हम अपने गांव की पड़त भूमि पर ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण का कार्य करेंगे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत छात्र -छात्राओं ने लगाए पौधे



**सलेहा।**

दक्षिण वनमण्डल पन्ना के वन परिक्षेत्र सलेहा अंतर्गत बन्धौरा पहाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल धरवारा एवं शासकीय माध्यमिक शाला बन्धौरा के पचासों छात्र छात्राओं द्वारा वन क्षेत्र में बरगद,पीपल , नीम, महुआ, आँवला, बहेड़ा,शीशम ,सागौन , चिरौल आदि पौधों का रोपण किया गया। छात्रों को पौध रोपण के माध्यम से पेड़ पौधों के महत्व और वैश्विक तापमान,जलवायु परिवर्तन ,पर्यावरण प्रदूषण , आदि के बारे मे जागरूक किया गया ।वर्तमान समय में वर्षा ऋतु में बारिश के दिनों में कमी के कारण जल संरक्षण की उपयोगिता बढ़ जाती है, वर्तमान और भविष्य के जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए वन आवरण की आवश्यकता मानव जीवन के लिए अति आवश्यक हो जाता है। राजन विश्वकर्मा, एवम समूह धरवारा कक्षा 10वीं द्वारा मौखिक प्रश्नउत्तर में सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर दिए जाने पर उनवन मंडलाधिकारी कल्दा द्वारा पुरुस्कार दिया गया। पौध रोपण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ शासकीय हाईस्कूल धरवारा एवं शासकीय माध्यमिक शाला बन्धौरा के शिक्षक रामचंद्र चौरसिया, रामाधार चौधरी, रामचंद्र चौरसिया ,राम प्रताप सिंगरौल, प्रदीप द्विवेदी, प्रकृति एवं पर्यावरण कार्यकर्ता अजय चौरसिया, नितिन निगम उप वन मंडलाधिकारी कल्दा और सलेहा परिक्षेत्र वन परिवार की सहभागिता रही।

## स्थानांतरित थाना प्रभारी अनूप यादव की भावभीनी विदाई और नवागत थाना प्रभारी आर एच सोनकर का स्वागत देवेंद्र नगर थाने में हुआ संपन्न

**विदाई समारोह में भावुक हुए नगरवासी और स्वयं अनूप यादव, सबने कहा- अच्छा काम किया**

**देवेन्द्रनगर।**




पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर थाना प्रभारी अनूप यादव का स्थानांतरण सागर हो जानें एवम नवागत थाना प्रभारी सोनकर का स्वागत समारोह देवेन्द्रनगर थाना परिसर में आयोजित किया गया जिसमें नगर के गणमान्य लोग समाजसेवी पत्रकार पुलिस स्टाप,व्यापारी लोगों ने तिलक लगाकर माल्यार्पण और शाल श्रीफल पहनाकर सैकड़ों लोगों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई और नवागत थाना प्रभारी का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। गौरतलब है कि अनूप यादव के कार्यकाल में अपराधों पर अंकुश रहा और कोई भी बड़ी घटना उनके कार्यकाल में नहीं घटी देवेन्द्रनगर की जनता के दिलों पर राज किया सीधे सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति होने के कारण आज सैकड़ों लोगों ने बधाई दी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन ने उनके कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि लोगों से सीधे संवाद करते थे और अपराध पर अंकुश लगाया है साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी कक्ष में जीर्णोद्धार,और परिसर में जन सहयोग से सुरक्षा जाली लगा कर वृक्षों को जो सुरक्षित करने का कार्य किया है वो हमेशा याद रखा जाएगा।वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा कि जितने दिन भी इनका कार्यकाल रहा तो नगर में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम रहे।साथ ही नवागत थाना प्रभारी राम हर्ष सोनकर से भी स्वच्छ कार्यकाल की उम्मीद के साथ सुभ कामनाएं व्यक्त की इस मौके पर सीबीएमओ डॉक्टर अभिषेक जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष हीराजी पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा सहित नगर के पत्रकार बंधु और गणमान्य लोग और समस्त पुलिस स्टाप उपस्थित रहा।

## देवेन्द्रनगर एवं सलेहा में की स्कूल वाहनों की चेकिंग

**पन्ना।**






जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग की टीम द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर निरंतर स्कूलों में पहुंचकर स्कूल बस व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस क्रम में आज देवेन्द्रनगर और सलेहा के विभिन्न स्कूलों के वाहनों को चेक करने के साथ स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार बसों का संचालन व आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में अवगत कराया गया। टीम द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं को लेकर आने जाने वाले सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर छात्र-छात्राओं के पास तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। साथ ही सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स जैसी सुरक्षात्मक चीजें भी अनिवार्य है।

### बेलगाम हुई नगर की विद्युत व्यवस्था

**अमानगंज।** भीषण उमस भरी गर्मी से नगर सहित क्षेत्र की जनता परेशान देखी जा रही है और आग में घी डालने जैसा कार्य विद्युत मंडल विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। अमानगंज विद्युत मंडल में इन दिनों देखा जाए तो दलालों के माध्यम से हर काम किया जा रहा है जो नगर क्षेत्र की जनता से वर्षों से जमे कर्मचारियों एवं अधिकारी गुंडागर्दी पूर्वक जनता के साथ व्यवहार करते हैं मनमाने बिल देकर तानाशाही पूर्वक जनता से भुगतान कराना एवं अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना यहां पर अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है अब इस भीषण गर्मी में पल-पल में बिजली की आंख मिचोली आम जनमानस के लिए किसी विकराल मुसीबत से कम नहीं है वर्ष भर विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर कर्मचारी अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं और अब पल-पल में विद्युत कटौती करना उनकी मानसिकता उजागर हो रही है कि आम जनमानस पर यह कितने मेहरबान हैं दूसरी तरह विभाग के भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी विद्युत चोरी में शामिल होकर विभाग को ही चूना लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुनौर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश वर्मा जी से क्षेत्र की जनता की मांग है कि विभाग में फैली मनमानी भ्रष्टाचारियों पर तत्काल लगाम लगाई जाए जिससे आम जनमानस को विभाग की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### कोचिंग पढ़ाने अनुभवी शिक्षक करें आवेदन

**छतरपुर।** अनु. जाति महाविद्यालयीन सीनियर छात्रावासों में अंग्रेजी विषय एवं उत्कृष्ट छात्रावासों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषय के शासकीय संस्थाओं में अध्यापन कराने वाले योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के वर्ष 2024-25 के लिए छतरपुर जिले में संचालित शासकीय अनूसूचित जाति बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कोचिंग पढ़ाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर ने बताया कि 15 दिवस के अंदर कोचिंग पढ़ाने के इच्छुक शिक्षक सादा कागज पर संबंधित संस्था प्रमुख से सहमति, योग्यता का प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं अन्य योग्यता एवं शिक्षण कार्य का अनुभव प्रमाण सत्यापित छायाप्रति संबंधित प्राचार्य से अनुशंसा कराकर कर्यालयीन समय में कार्यालय में जमा कराएं।

### एसडीएम ने पटवारियों को जारी किया फरमान

**छतरपुर।** बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी का एक आदेश पटवारियों की गले की फांस बन रहा है। पटवारियों में इस आदेश को लेकर रोष है। एसडीएम का आदेश चलेगा या पटवारी बगावत करेंगे यह तो आने वाले वक्त बताएगा लेकिन एसडीएम के आदेश से पटवारियों में विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। बिजावर एसडीएम ने पटवारियों को निर्देशित किया है कि वे हाईवे पर घूम रहे गौवंश को ग्राम पंचायतों में बनी गौशालाओं में पहुंचाएं ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें। एसडीएम ने बात तो सही कही है लेकिन यह बात पटवारियों को हजम नहीं हो रही। सड़क पर आए दिन आवारा गौवंश के चपेट में आने से बड़े हादसे होते हैं इसलिए यदि गौवंश को व्यवस्थित कर दिया जाए तो लोगों की जान बच सकती है। एसडीएम विजय द्विवेदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इससे पटवारियों का काम प्रभावित नहीं होगा क्योंकि उन्हें लगातार किसी स्थान में बैठने के लिए नहीं कहा गया है। पटवारी किसानों से सीधे जुड़े रहते हैं इसलिए किसानों का सहयोग लेकर ग्राम पंचायतों में बनी गौशालाओं तक गौवंश भेज सकते हैं। वहीं बिजावर पटवारी संघ के अध्यक्ष प्रीतम का कहना है कि गौवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने की जिम्मेदारी गौसेवकों की है वे अपना काम करेंगे कि गौवंश को गौशालाओं में ले जाएंगे। यदि इस तरह का आदेश उन्हें मिलेगा तो वे आंदोलन करेंगे।

### 6 आरोपियों पर 27 हजार रुपए का इनाम घोषित

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने थाना सिविल लाइन में पंजीबद्ध अपराध में फरार आरोपी वीरानाला बालाजी पिता राजा गोपाल निवासी नेहरू नगर जिला जमालामादूगू कुडाप आन्ध्रप्रदेश पर 5 हजार रुपए, थाना महाराजपुर में पंजीबद्ध अपराध में दो फरार आरोपी रामनरेश दीक्षित, परशराम दीक्षित पिता राजाभैया दीक्षित निवासी कुसमा पर 10 हजार रुपए, थाना जुझारनगर में पंजीबद्ध अपराध में फरार आरोपी विनोद दुबे एवं प्रमोद दुबे निवासी बरोनाकला थाना एरवा कटरा जिला औरया उ.प्र. पर 10 हजार रुपए एवं थाना हरपालपुर में पंजीबद्ध अपराध में फरार आरोपी अजयपाल सिंह निवासी कबरई जिला हमीरपुर उ.प्र. पर 2 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है।

### 4.25 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित चार लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4.25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही सलीम बेग निवासी असाटी मुहल्ला छतरपुर को 25 हजार, रामदेवी वार्ड नं. 9 गढ़ीमलहरा को 90 हजार, काशीराम यादव खिरया खुर्द छतरपुर को 50 हजार, मास्टर शम्भाजी राजे सुजारा छतरपुर को 10 हजार, अखिलेश यादव पुखरेला तहसील बिजावर को 30 हजार, राकेश कुमार दीक्षित देरी रोड छतरपुर को 40 हजार, पूनम चौरसिया झिन्ना मुहाल महाराजपुर को 50 हजार, रामसेवक प्यासी मोहनगंज बिजावर को 50 हजार, गौरीबाई सेन वार्ड नं. 1 छतरपुर को 40 हजार और निधि चौबे निवासी वार्ड 8 नौगांव जिला छतरपुर को 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

### परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक को खिलाया जहरीला पदार्थ



उप्र के महोबा जिला अंतर्गत अजनर थाना के ग्राम रगौली के रहने वाले अंकित यादव पुत्र चरण सिंह यादव 19 वर्ष ने राजनगर थाना क्षेत्र के गोमाखुर्द में जहर खाकर जान दे दी।

छतरपुर।

मामला प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। बताया जाता है कि युवक का गोमाखुर्द में रहने वाली एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक के पिता चरण सिंह और भाई रजनीश का आरोप है कि अंकित को जहर देकर मार दिया गया है। मृतक के भाई रजनीश ने बताया कि उसका भाई अंकित गोमाखुर्द में एक लड़की से प्यार करता था। दोनों एक-दूसरे के साथ शादी करना चाहते थे लेकिन लड़की के परिजनों को यह शादी मंजूर नहीं थी इसी वजह से उन्होंने अंकित को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डाला है। रजनीश का आरोप है कि धर्म सिंह यादव, अनीस, आशा और अंजली ने उसके भाई की हत्या की है। उधर मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### इनका कहना

दोनों पहलुओं से जांच की जा रही है। यदि युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की है तो इसके पीछे की वजह जानना जरूरी है और यदि किसी ने जहर देकर उसकी जान ली है तो इस पर भी जांच की जाएगी।

**सिद्धार्थ शर्मा, थाना प्रभारी राजनगर**

## युवक की हत्या कर स्टेशन के पास फेंका शव

### परिवार के एक सदस्य और मृतक के दोस्त को लिया हिरासत में



**ईशानगर।** थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर एक लहूलुहान शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेल्वे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर मिले इस युवक के सिर व हाथ में गंभीर चोट लगने की वजह से मौत होना बताई गई। मृतक की पहचान गणेश कुशवाहा पुत्र मलोई कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी रामपुर के रूप में की गई। पारिवारिक वजह से युवक की हत्या हुई है इसलिए पुलिस ने हत्या का जुर्म दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक गणेश कुशवाहा की पत्नि ने थाने में सूचना दी कि उसके पति के साथ बेरहमी से पिटाई की गई है। महिला की शिकायत पर तत्काल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गणेश कुशवाहा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसकी पत्नि द्वारा बताए गए संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। श्री सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद की वजह से यह हत्या हुई है। जांच में डण्डे से मारने से मौत होना प्रथम दृष्टया सामने आया है। पुलिस ने परिवार के एक सदस्य एवं मृतक के दोस्त को हिरासत में लिया है। जांच में स्पष्ट तौर पर अभी यह नहीं आ सका कि कलह किस बात की थी। फिलहाल विवेचना की जा रही है।

### दो पक्षों में विवाद, पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बगमऊ में खेत पर कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक पक्ष ने पिता-पुत्र की लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी जिससे दोनों पिता-पुत्र बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बगमऊ में खेत पर काम कर रहे मुन्नीलाल राजपूत 70 वर्ष पर दयाल राजपूत, राम सिंह राजपूत, श्रीराम राजपूत, मातादीन राजपूत, भलक सिंह राजपूत ने लाठी, डण्डों से मारपीट कर दी। मुन्नीलाल को बचाने आए उसके 28 वर्षीय बेटे को भी आरोपियों ने पीट डाला। घायल मुन्ना राजपूत ने बताया कि वे लोग अपने खेत पर गकड़ियां खा रहे थे तभी उनके पिता मुन्नीलाल ने कुछ कचरा आरोपियों के खेत में फेंक दिया जिससे नाराज होकर दयाल राजपूत, रामसिंह राजपूत, श्रीराम राजपूत, मातादीन राजपूत, भलक सिंह राजपूत ने पिता-पुत्र की लाठी, डण्डों से मारपीट कर दी। घायल लवकुशनगर थाने शिकायत करने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें पहले एमएलसी के जिला लवकुशनगर अस्पताल भेज दिया जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।



## आकाशीय बिजली गिरने से मासूम सहित दो की मौत

### शासकीय स्कूल में खेल रहा था बच्चा तभी गिरी बिजली

**छतरपुर।** बारिश में मौसम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे सहित एक युवक की जान चली गई। दोनों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया।

जानकारी के अनुसार मुख्याालय से सटे ग्राम खौंप में शासकीय प्राथमिक स्कूल में पढने वाला कक्षा 3वीं का छात्र रमन रैकवार पुत्र मकुंदी रैकवार जब स्कूल में लंच के दौरान खेल रहा था तभी अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षक बच्चे को तुरंत जिला अस्पताल लाए साथ ही बच्चे के परिजनों को भी इसकी सूचना दी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसी तरह महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घेरापुरवा में एक 35 वर्षीय युवक लखन कुशवाहा पुत्र उदेता कुशवाहा खेत में किसानी का कार्य कर रहा था तभी बारिश होने लगी जिससे खेत में कार्य कर रहे लखन सहित अन्य लोग खेत पर बनी झोपड़ी में बैठ गए। तभी वहीं आसपास आकाशीय बिजली गिरी जिससे झोपड़ी में बैठा लखन बेहोश हो गया। इसके बाद परिजन उसे पहले मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





## गुरू दीक्षा के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव

### आज होगा कवि सम्मेलन, तीन दिनों तक होगा श्री हनुमत यज्ञ





छतरपुर।

सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम में गुरू दीक्षा के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत हो गई। पहले दिन करीब एक हजार लोगों ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की दीक्षा ली। महाराजश्री ने दीक्षा लेने वाले सभी भक्तों से कहा कि वे नियम का पालन करें, गौसेवा करें ताकि उनका जीवन सद्मार्ग में लगा रहे।

आयोजन के संबंध में धीरू महाराज ने बताया कि पांच दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव के पहले दिन गुरूवार को एक हजार लोगों ने दीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन कराए थे जिन्हें महाराजश्री दीक्षा दे रहे हैं। शुक्रवार को भी लगभग एक हजार लोगों को महाराजश्री दीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि 19 से 21 जुलाई तक श्री हनुमत यज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन भी रखा गया है।

#### विद्यालयों में गुरू पूजन अच्छी परंपराः पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भेंट कर उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह प्रदेश में पहला अवसर है जहां शिक्षा के मंदिरों में मां सरस्वती के पूजन के साथ-साथ गुरूओं की पूजा होगी। उन्होंने कहा कि मॉडर्न बनने के चक्कर में लोग गुरूओं को भूल रहे हैं। हमारी प्राचीन परंपरा हमें सिखाती है कि बिना गुरू के ज्ञान नहीं मिलता इसलिए गुरूओं की पूजा होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को इस व्यवस्था के लिए साधुवाद दिया।

#### शिक्षा मंत्री एवं कृषि राज्यमंत्री पहुंचे बागेश्वर धाम

जिले के प्रवास पर आए प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप डूखसह एवं कृषि राज्यमंत्री लखन पटेल सिद्ध तीर्थ क्षेत्र बागेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बागेश्वर बालाजी का आशीर्वाद लेने के बाद पीठाधीश्वर महाराजश्री का आशीर्वाद लिया। शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि महाराजश्री सनातन संस्कृति के रक्षक और हिन्दुओं को जगाने वाले हैं। महाराजश्री का आशीर्वाद लेकर खुशहाली की कामना की है। बालाजी सरकार से यही प्रार्थना है कि सनातन संस्कृति को मानने वालों पर सदा कृपा बनी रहे। उनके स्नेह और आशीर्वाद से सद्मार्ग पर चलने का अवसर मिलता है। यहां आने से उन्हें काफी सुखद अनुभूति हुई है। वहीं कृषि राज्यमंत्री लखन पटेल ने भी महाराजश्री का आशीर्वाद लेकर प्रदेश के किसानों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर नीशू नायक, धीरेन्द्र गौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### गुरू पूर्णिमा पर रहेगी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

बागेश्वर धाम में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर लाखों लोगों के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा बाहर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। आयोजन समिति से आयोजन की रूपरेखा ली गई है। प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। पर्याप्त पुलिस बल सुरक्षा में लगाए जा रहे हैं। कहीं किसी को परेशानी नहीं होगी।



## सरपंच पति, प्रतिनिधियों से अधिकारी, कर्मचारी परेशान

**छतरपुर।** जिले में सरपंच पति एवं सरपंच प्रतिनिधियों की तानाशाही के खिलाफ अधिकारी, कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। गुरूवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की मांग का ज्ञापन सौंपा गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।जानकारी के मुताबिक गुरूवार को जिले के 8 जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एआरओ, एएओ, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरपंच पति एवं प्रतिनिधियों के द्वारा की जा रही मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की है। बिजावर में पदस्थ सहायक यंत्री ओपी द्विवेदी ने कहा कि कई जनपदों में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग सरपंच प्रतिनिधि एवं सरपंच पति बनकर अनैतिक कार्यों के लिए दबाव बनाते हैं। काम न करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। हाल ही में श्री द्विवेदी के साथ सरपंच पुत्र ने अभद्रता की थी। तमाम घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन दिया गया है। एडीशनल सीईओ चन्द्रसेन सिंह ने बताया कि बिजावर की घटना से जिला पंचायत सीईओ को अवगत कराया गया था। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से बात भी की है। यह ज्ञापन भी पुलिस अधीक्षक को भिजवाया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने किया शिक्षा मंत्री का स्वागत

**छतरपुर।** विगत दिवस मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह छतरपुर प्रवास पर आए उनके छतरपुर प्रवास पर नौगांव में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला छतरपुर के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री का आत्मीय स्वागत कर कर्मचारी हितैषी विभिन मांगे क्रमशः जिले एवं समस्त विभाग की परामर्शदात्री समितियां की बैठक न होने से समस्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाने एवं विभिन्न विभागों में पदोन्नति उच्च पद के प्रभार क्रमोन्नति एवं अनुकंपा नियुक्ति के सरलीकरण जैसी विभिन मांगे प्रमुख रूप से रखी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला छतरपुर के अध्यक्ष जीडी सोनकिया, जिला सचिव जितेंद्र गौर संभागीय उपाध्यक्ष डीके जैन, कार्यकारी अध्यक्ष आशीष शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन खरे, राजेंद्र पाठक, राघवेंद्र सिंह, श्रीमती लता सिंह महिला उपाध्यक्ष , श्रीमती सविता शर्मा, संदीप तिवारी प्राचार्य एवं श्रीमती भावना तिवारी प्राचार्य ने राज्य कर्मचारी संघ एवं पेंशन संगठन के तहसील अध्यक्ष राकेश बिल्थरे के साथ विभिन्न कर्मचारी मौजूद रहे।



## वैज्ञानिक पद्धति से खेती के साथ पशुपालन पर किसान जोर दें: उप मुख्यमंत्री पाठक

### धवर्रा में आयोजित हुआ समृद्ध बुन्देलखण्ड किसान सम्मेलन



नौगांव।

समीपी ग्राम धवर्रा में पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। यह गांव उप्र की सीमा में आता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उप्र के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समृद्ध किसान समृद्ध बुन्देलखण्ड सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें साथ ही पशुपालन एवं सब्जियों की पैदावार करें ताकि वे मजबूत हो सकें। इन सबके सहयोग से ही खेती लाभ का धंधा बन सकेगी।

ग्राम धवर्रा में सुबह 10 बजे से गणेश प्रसाद खेल परिसर में जन्म शताब्दी समारोह के आयोजन के तहत समृद्ध किसान समृद्ध बुन्देलखण्ड सम्मेलन रखा गया। इस सम्मेलन में मप्र के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने मंच से घोषणा की कि गणेश प्रसाद मिश्र दादाजी के नाम से मानपुर में संचालित विद्यालय को 12वीं तक किया जाएगा। प्रदेश के कृषि मंत्री लखन पटेल ने किसानों से कहा कि वे मोटे अनाज की खेती पर विशेष ध्यान दें क्योंकि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। वहीं राज्यमंत्री कमलेश्वर पटेल ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि खेती के साथ-साथ पशुपालन, मछली पालन आदि से किसानों की उन्नति होगी। सेवान्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी किसानों को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत सौंपा गया। विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से किसानों को जानकारियां दी गईं। इस मौके पर पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, मनोज कश्यप सहित बड़ा संख्या में अतिथि उपस्थित हुए।

#### अस्पताल को उपमुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

उप्र के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चलता-फिरता अस्पताल सह एंबुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दादाजी के जीवनकाल से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। डॉ. राकेश मिश्रा ने दादाजी की प्रेरणा से जो सामाजिक कार्यों की शुरूआत की है वह निरंतर चल रहे हैं। उन्होंने चलता-फिरता अस्पताल का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से 40 प्रकार की जांचें निःशुल्क होंगी।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर आज करेंगी राजस्व अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में भी 18 अगस्त से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण, खसरे में सुधार, नक्शा तरमीम, किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी एवं आधार से लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री आदि के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 19 जुलाई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में गुढ़ एवं रीवा तहसीलों में राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। कलेक्टर दोपहर बाद 3 बजे से मोहन सभागार में ही सेमरिया एवं सिरमौर तहसीलों में अभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

**रीवा ।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने शिशुओं तथा महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में सतना में दोनो विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, शिशुओ तथा महिलाओं के टीकाकरण एवं वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में दस्तक अभियान के दौरान चिन्हित कम पोषित एवं बीमार बच्चों की उचित देखभाल तथा उपचार के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण आहार के वितरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता, शिशुओं का पोषण स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक स्वास्थ्य डॉ डीपी अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी, सभी परियोजना अधिकारी, बीएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिले में वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित

**रीवा।** शासन के आदेश के अनुसार मऊगंज जिले में जिला स्तरीय वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित की गई है। समिति का अध्यक्ष कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को बनाया गया है। समिति के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में वन मण्डलाधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, जिला भू बंदोबस्त अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश को शामिल किया गया है। समिति में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक मछली पालन, क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मण्डल तथा विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग कालेज रीवा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में नामांकित सदस्य के रूप में डॉ मुकेश येंगल तथा सहायक प्राध्यापक प्राफेसर सुजान सिंह लोधी को शामिल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला वेटलैण्ड संरक्षण समिति का गठन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत किया गया है। समिति राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के प्रति उत्तरदायी होगी। समिति का मुख्य कार्य जिला स्तर पर तालाबों के समग्र संरक्षण और प्रबंधन में सहयोग करने का है। जिला स्तरीय समिति चिन्हित किसी भी तालाब के लिए संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार करेगी। जिले के तालाबों का डाटाबेस तैयार करने का कार्य भी समिति द्वारा किया जाएगा। तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों तथा अन्य संगठनों से समन्वय बनाकर समिति तालाबों का संरक्षण कराएगी।

घर के बाहर छोड़कर भागे दोस्त

# दोस्तों के साथ घूमने निकले युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

### अचेत अवस्था में घर के बाहर छोड़कर भागे दोस्त अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने कर दिया मृत घोषित




रीवा

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र रहने वाले एक युवकअपने दोस्तों के साथ घूमने निकले एक युवक को दो दिन बाद उसके ही घर के बाहर अचेत अवस्था में देखा गया जब उसे अस्पताल लाया गया तो युवक की मौत हो चुकी थी,परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि मृतक बृजेश सोंधिया दो दिन पूर्व अपने साथी नितिन विश्वकर्मा के साथ इलाहाबाद गंगा स्नान करने को बताकर घर से निकला था, दो दिन तक युवक का कहीं पता नहीं था बीती रात तकरीबन 9 बजे उक्त युवक को अचेत अवस्था में घर के बाहर देखा गया और अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,परिजनों का कहना है कि बृजेश की मौत कैसे हुई यह अभी तक पता नहीं चल पाया है इधर जिस युवक के साथ बृजेश घर से निकला था वह भी लापता हो गया है ,इस पूरे मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों के द्वारा संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया गया है आप पुलिस उसके साथी नितिन विश्वकर्मा की तलाश कर रही है,वही पुलिस द्वारा युवक की मौत का कारण जानने के लिए संजय गांधी अस्पताल में युवक का शव परीक्षण कराया गया है वही रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले से पर्दा उठेगा।

# प्रेमी के प्यार और उसे पाने की चाहत में मां ने मासूम बच्चे को उतारा था मौत के घाट

### *पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा, मां कातिल तो प्रेमी निकला मास्टर माइंड*



**रीवा।** प्रेमी के प्यार में पागल और उसे पाने की चाहत में एक मां को हत्यारिन बना दिया और उसने दोनों के संबंधों का विरोध करने वाले 12 वर्षीय मासूम बेटे को ही मौत के घाट उतार दिया, पुलिस ने इस सनसनी खेत वारदात का खुलासा किया है, वारदात को अंजाम देने वाली मां सहित मास्टरमाइंड के को गिरफ्तार किया है, एक दिन पूर्व ही पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नष्टिगवां निवासी आदित्य गुप्ता पिता रामबाबू गुप्ता उम्र 12 वर्ष का शव घर के बगल में निर्माणा धीन मकान के अंदर पाया गया था,पुलिस को प्रथम दृष्टि ही मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था बच्चे की हत्या गला घोटकर की गई थी घटना की सूचना पर तत्काल पनवार थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल सहित पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एएसपी विवेक लाल मौके पर पहुंचे थे ,जिसके बाद जांच में लगी टीम ने साक्ष के आधार पर मृतक की मां को ही थाने पूछताछ के लिए लाया और कुछ ही देर बाद मां ने बच्चे को मौत की नींद सुलाने की कहानी बयां कर दी दरअसल महिला एक दूसरे व्यक्ति से प्यार करती थी जिसका घर में आना-जाना था और इसी का विरोध मृतक मासूम बच्चा करता था लेकिन महिला के प्यार और प्रेमी को पाने की चाहत ने उसे कातिल बना डाला और मासूम बच्चे को ही गला दबाकर मौत की नींद सुला दिया पुलिस ने अब तक मामले में महिला सहित उसके प्रेमी को पकड़ा है, जहां टीम द्वारा बारीकी से पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

*मुख्यमंत्री को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा*

# अतिथि शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा



**रीवा।** अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई रीवा (वी.एम.एस.संघ से सम्बद्ध) के जिलाध्यक्ष रोहणी द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर रीवा से मिलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा जिसमें मांग की गई है कि महापंचायत की घोषणानुसार विभागीय परीक्षा लेकर कार्य अनुभव का लाभ प्रदान कर 12 माह का कार्य काल एवं 62 वर्ष की आयु तक सेवाकाल (नियमितीकरण) दिये जाने का आदेश अविलंब जारी किया जाय, 2 सितम्बर 2023 भोपाल महापंचायत में म.प्र.शासन द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणानुसार म.प्र.शिक्षक भर्ती में शिक्षक चयन परीक्षा के सभी वर्गो में बोनस अंक प्रदान करते हुए म.प्र.उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान कार्य अनुभव के बोनस अंक प्रदान कर मैरिट लिस्ट जारी की जाय, म.प्र.शिक्षक भर्ती की न्यूनतम अहर्ता प्राप्त अतिथि शिक्षकों को कार्य अनुभव का लाभ देकर सीधे नियमित किया जाय, अतिथि शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य सुरक्षा के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ दिया जाय, दस लाख रुपये तक का बीमा एवं ईपीएफओ की सुविधा प्रदान कर कार्यरत अतिथि शिक्षकों के लिए आकस्मिक अवकाश एवं अर्जित अवकाश की सुविधा प्रदान की जाय, कार्यरत अतिथि शिक्षकों का मानदेय प्रत्येक महीने की निश्चित तिथि तक भुगतान कराया जाय, म.प्र.के स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहे उच्च शिक्षा प्रभार, ट्रांसफर, प्रमोशन तथा शिक्षक भर्ती से बाहर होने वाले अतिथि शिक्षकों को तथा पूर्व समय में अतिथि शिक्षकों की सेवा सेपृथक किए गए अतिथि शिक्षकों को अन्य स्कूलों में कार्य अनुभव का लाभ देकर नियोजित किया जाय, सत्र 2024-25 हेतु अतिथि शिक्षक आमंत्रण के संबंध में विगत सत्र के पूर्व से तैयार पेनल के आवेदनों की जानकारी पोर्टल में नियत समय में दर्ज किया जाय, 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम पाने वाले अतिथि शिक्षकों को न रखने के आदेश दिए गए हैं कार्य अनुभव तथा गत वर्षो के परीक्षा परिणाम के आधार पर नियमों में शिथिलता वर्ती जाय। ज्ञापन देते समय तरुणेन्द्र मिश्र, अभिनव द्विवेदी, संत कुमार सिंह, कृष्णमणि शुक्ला, अनीता मिश्रा, जयारानी नामदेव, गौरव तिवारी, श्रीनिवास द्विवेदी सहित अतिथ शिक्षक उपस्थित रहे।

# रात्रि में बस में बैठाने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में हुई मौत



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा ओवरब्रिज बाइक सवार दो युवकों का शव गुरुवार को ओवरब्रिज के नीचे पड़ा मिला है, घटना की सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस का मानना है कि दोनों युवक देर रात बाइक से जा रहे होंगे और इस दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई पुलिस फिलहाल दोनों युवकों के सब को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है, पुलिस ने घटना स्थल पर मिले मोबाइल से परिजनों का पता लगाया वही मृतकों की पहचान प्रशांत तिवारी निवासी ग्राम उमरिया थाना सोहागी और मिथिलेश तिवारी ग्राम बिजावर थाना जवा हाल मुकाम आनंतपुर के रूप मे हुई है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मृतक मनीष तिवारी के मामा मनोज दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मनीष रीवा में किराए के मकान में रहता था और रात्रि तकरीबन 10 बजे वह मिथिलेश तिवारी को बस बैठने के लिए घर से निकला था बताया गया है कि मिथिलेश को रायपुर छत्तीसगढ़ जाना था जिसे नए बस स्टैंड से बस में बैठना था लेकिन जब वह नए बस स्टैंड पहुंचा तो बस जा चुकी थी और कंडक्टर ने बताया कि तो वह गोविंदगढ़ में रुकेगा और वह खाना खाएगा जिसके बाद मनीष मिथिलेश को लेकर बाइक से गोविंदगढ़ छोड़ने जाने लगा इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया और दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय त्योंथर एवं मनगवां का किया निरीक्षण

रीवा



राजस्व महाअभियान 2.0 के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील त्योंथर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व न्यायालय में प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का ऑनलाइन अवलोकन कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति देखी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समय सीमा से प्रकरणों के बाहर होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि पटवारी सभी प्रकरणों में 15 दिवस से पूर्व प्रतिवेदन दें ताकि इनके निराकरण में विलंब न हो और प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। उन्होंने प्रकरण समाप्त होने के उपरांत इस्तलाबी दर्ज कराने के निर्देश दिये। न्यायालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में अनिवार्यतः बैठें तथा प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने दायरा पंजी संधारित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने मनगवां में राजस्व अधिकारियों की बैठक के उपरांत तहसील कार्यालय मनगवां का निरीक्षण तथा न्यायालीयन प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय जैन, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

*वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल*

# रीवा सांसद एक कार्यक्रम के दौरान लोगों के बिखरे पड़े चप्पल, जूते हाथों से उठाते दिखे

रीवा



देश और प्रदेश में जनता से जुड़ी ऐसी कई बड़ी समस्याएं है जिन पर जनप्रतिनिधि कामकर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करता है। आज हमारा देश, प्रदेश और जिला गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन इन तमाम समस्याओं को नजरअंदाज कर मध्यप्रदेश के रीवा से तीसरी बार चुने गए भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा जनहित के मुददों को छोडकर कुछ अलग ही कर गुजरने में जुटे है। ये कभी मलीन बस्ती में पहुंचकर नाली साफ करते फोटो खिंचाते है तो कभी झाड़ू लगाते है।कभी दलित बच्चे को नहलाते है तो कभी टॉयलेट साफ करते नजर आते है,अपने इन अजब गजब कारनामों से सुर्खियों में बने रहने वाले रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा की कारगुजारी का एक और वीडियो सोषल मीडिया में वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में मंनगवा तहसील अंतर्गत एक कार्यक्रम के दौरान बिखरे पडे लोगों के चप्पल और जूतों को सांसद महोदय अपने हाथों से उठाकर उन्हें व्यवस्थित लाइन से रखते नजर आ रहे है। वही सांसद जी इस बडे काम को अंजाम दे रहे थे तो उनके सहयोगी सांसद जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। जानकारी के मुताबिक मनगवां विधानसभा की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। यहां सांसद जी समारोह स्थल में जैसे ही हुंचे तो लोगों के जूते और चप्पल बिखरे पडे मिले, जिसे देखते ही देखते ही सांसद जी अपने काम में लग गए और हाथों से ही चप्पल जूतों को उठाकर वह लाइन से व्यवस्थित रखने लगे, जिसका वीडियो एक बार फिर सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही सांसद द्वारा टॉयलेट साफ करने का वीडियो वायरल होने के बाद अब जूते चप्पल उठाने का वीडियो सामने आया है।

### मऊगंज में विश्व यूवा कौशल दिवस मनाया गया

# शासकीय आईटीआई में बहुत ही गर्म जोशी के साथ हुआ संपन्न

मऊगंज






शासकीय आईटीआई में विश्व यूवा कौशल दिवस बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि बृजवासी प्रसाद पटेल अध्यक्ष नगर परिषद तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार मिश्र जिला समन्वयक वित्तीय साक्षरता ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेशचंद्र मिश्र अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज एवं ठाकुर दीन कोल पार्षद, कीर्ति कुमार मिश्रा मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रामपाल पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामसिया वर्मा प्राचार्य ने किया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियो ने भगवान विश्वकर्मा एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात एसपी मिश्रा द्वारा शासकीय आईटीआई मऊगंज का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों ने जनमानस को संबोधित किया मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि हमारे यूवा पीढ़ी को रोजगार के प्रति जोड़ने की विशेष आवश्यकता है। आईटीआई करने के बाद कोई लड़का बेरोजगार नहीं रहता हर किसी को कुछ न कुछ साधन उपलब्ध हो जाता है कार्यक्रम के समापन मे अध्यक्षीय उद्बोधन मे जिला समन्वयक मिश्र ने कहा की जितने भी छात्र-छात्राएं इस संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वह निश्चित रूप से एक दिन हमारे मऊगंज का नाम रोशन करेंगे, हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। शाशन आपके लिए तत्पर है कि यदि आप कोई व्यापार करना चाहते हैं, तो बैंक आपके लिए लोन की व्यवस्था करेगी और आप धीरे-धीरे करके अपने बिजनेस को बढ़ाकर बैंक का लोन भी चुकता कर दें।आप स्वयं आत्मनिर्भर बन जाए और इस बिजनेस में लोगों को रोजगार भी मुहैया कराकर इससे काफी हद तक बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है श्री मिश्र ने अटल पेंशन एजुकेशन लोन तथा भारत सरकार की कई विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा की बैंक से संबंधित किसी को कोई भी परेशानी आए तो हमारा फोन नंबर नोट कर ले आप कभी भी फोन कर मुझे सूचित कर सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख व्यक्तियों में प्रदीप सिंह व्याख्याता मॉडल स्कूल, विकास पांडे व्याख्याता मॉडल स्कूल, एसपी मिश्रा अनुदेशक, विवेक सोनी अनुदेशक, सी पी सिंह अनुदेशक, पंकज पाटिल अनुदेशक, ज्योति रानी अनुदेशक, शशिकांत गौतम अनुदेशक, मुकेश द्विवेदी अनुदेशक सहित सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन अवसर पर मां के नाम पर एक पौधा लगाया गया शासकीय आईटीआई मऊगंज में नवीन रथ को हरी झडी दिखाकर रवाना किया गया कार्यक्रम के अंत में एसपी मिश्रा द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

### *सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत त्योंथर में रोजगार मेले का आयोजन आज*

रीवा

एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत त्योंथर में 19 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

# सीमा जयवीर सिंह समाजवादी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी

मऊगंज



समाजवादी पार्टी की देवतालाब विधानसभा की प्रत्याशी सीमा जयवीर सिंह को मध्य प्रदेश की समाजवादी पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाई गई हैं। समाजवादी पार्टी के बढ़ते जनाधार से सीमा जयवीर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी। सीमा जयवीर सिंह ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल, कमलेश पांडे जिला अध्यक्ष रीवा, एम खान प्रदेश महासचिव, जगदीश कुशवाहा, राकेश यादव, का आभार व्यक्त किया है और कहा कि आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।सीमा जयवीर सिंह को प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने पार्टी में रहकर बड़ी लगन, ईमानदारी और निष्ठा भाव से काम करने पर पार्टी ने भरोसा जताया है।इनकी नियुक्ति से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदेश की कार्यकारिणी के नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया है। इनकी नियुक्ति से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है,जिनमें शंकर सिंह पिडरिया, संदीप गुप्ता, प्रकाश गुप्ता (टोनी), राजू अंसारी, विवेक द्विवेदी, अरुण सिंह, विनय सिंह, कमलाकर सिंह,तुलसीदास मिश्रा, दुर्गा सिंह,मार्तंड सिंह, अनिल सिंह, शिवम यादव, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद हुसैन, कमलेश्वर सिंह, सुखेंद्र सिंह, संदीप कुशवाह, तेजभान जायसवाल, संजय उपाध्याय, पुरुषोत्तम मिश्रा, दिलराज सिंह,जयप्रकाश पांडेय, ओंकार सिंह, राघवेंद्र पटेल,राकेश यादव,विवेक वर्मा, राजेश नामदेव, जगदीश कुशवाहा, हीरालाल तिवारी, दुर्गा सिंह,मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद हुसैन, भागवत, दीपू कोल, विनोद कोल, जगदीश दाहिया,हरिलाल आदिवासी,मुन्ना बंसल आदि ने आज ने उज्जवल भविष्य की कामना की है और खुशी जाहिर की है1